# निविदा सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 नवम्बर, 2024 से 20 नवम्बर, 2024 तक राज्य स्तरीय 72–वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला, 2024 आयोजित किया जाना है। जिसके सफल संचालन हेतु निम्न तालिका के अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र०सं० | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि व समय | निविदा प्रपत्र डालने की तिथि व समय | निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि व समय | निविदा धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | झूला, चर्खी, मौत का कुआँ एवं बच्चों के मनोरंजन आइटम लगाये जाने हेतु। | रू0 1500.00 | दि0 10.10.2024 के पूर्वाहन 11:00 बजे से दिनांक 24.10.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक। | दि0 24.10.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे से दि0 24.10.2024 को अपराहन 01:00 बजे तक। | दि0 24.10.2024 को अपराहन 3:00 बजे। | रू0 30,000.00 (तीस हजार रूपये मात्र) |

उक्त तिथियों में मेला मैदान में कार्यक्रम स्थल पर झूला, चर्खी, मौत का कुआँ एवं बच्चों के मनोरंजक आइटम अधिष्ठापित एवं संचालित करने हेतु तकनीकी एवं वित्तीय निविदा को दो अलग–अलग मोहर बन्द लिफाफों में (प्रत्येक पर वित्तीय एवं तकनीकी निविदा स्वच्छ अक्षरों में स्पष्ट लिखकर) एक बड़े मोहर बन्द लिफाफे में निर्धारित आवेदन पत्र पर प्रत्येक स्तम्भ को भरकर धरोहर धनराशि की एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.ड़ी.आर. या ड़िमाण्ड ड्राफ्ट (डी.ड़ी.) अथवा ड़ाकघर पासबुक जो कि उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी, गौचर मेला–2024 के पक्ष में बंधक रखते हुये **मूल रूप में** लगाना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.10.2024 से दिनांक 24.10.2024 पूर्वाहन 11:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 24.10.2024 को अपराहन 01:00 बजे तक इसी कार्यालय में स्थापित निविदा बॉक्स में डाले जा सकते हैं। निविदा उसी दिन दिनांक 24.10.2024 को अपराहन 03:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। गौचर मेला–2024 हेतु मूल कीमत (Base Price) रू0 **12,50,000.00 (बारह लाख पचास हजार रूपये मात्र)** से कम नहीं होगी। उच्चतम धनराशि वाले निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकार की जायेगी। मेला समिति को बिना कारण बताए निविदा को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। उक्त कार्य के समस्त विवरण एवं शर्तें निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही निविदा की शर्तो व अन्य जानकारी गौचर मेला–2024 की अधिकारिक बेब साइट website- gauchermela.in से प्राप्त की जा सकती है।

उप जिलाधिकारी,कर्णप्रयाग/
मेलाधिकारी गौचर मेला।

## कार्यालय उपजिलाधिकारी, कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला–2024।

E-mail Id- gaucharmela@gmail.com
Website- gauchermela.in
Ph. No-01363244209

पत्रांक:– 25 /72–वॉ गौचर मेला/2024–25

दिनांक: 9, अक्टूबर, 2024

**प्रतिलिपि** :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रभारी अधिकारी नजारत, जिला कार्यालय चमोली, कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी चमोली, समस्त उप जिलाधिकारी कार्यालय/तहसील कार्यालय जनपद चमोली, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत चमोली, समस्त खण्ड़ विवकास अधिकारी कार्यालय जनपद चमोली, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत जनपद चमोली, को नोटिस बोर्ड पर उक्त निविदा आमंत्रण सूचना चस्पा किये जाने हेतु ।
2. सम्पादक, अमर उजाला/राष्ट्रीय सहारा को इस आशय से प्रेषित कि निविदा सूचना को प्रादेशिक संस्करण न्यूनतम आकार में न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशित करते हुए जिला सूचना अधिकारी से बिल सत्यापित करवाते हुए भुगतान हेतु दो प्रतियों में अखबार की कटिंग सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उप जिलाधिकारी,कर्णप्रयाग/
मेलाधिकारी गौचर मेला।

## प्रारूप–01 (तकनीकी निविदा पत्र)

**निविदा फार्म सं0....................../दिनांक–......................निविदा फार्म शुल्क रू0 2000.00 ( दो हजार रूपये मात्र)**

**गौचर मेला–2024 हेतु झूला–चर्खी, मौत का कुआँ, बच्चों के मनोरंजन आइटम इत्यादि कार्यक्रम हेतु तकनीकी निविदा पत्र।**

नवीनतम फोटो

श्रीमान,

उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/
मेलाधिकारी गौचर मेला।

1. निविदादाता/फर्म का नाम –................................................
2. स्थाई पता–......................................................................
3. पत्राचार का पता–..........................................................................................................
   पिन कोड नम्बर..............................................फोन/मोबाईल नम्बर.........................................................
4. जी0एस0टी0 नम्बर......................................पैन कार्ड नम्बर.................................(छायाप्रति संलग्न करें)
5. जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी द्वारा निर्गत नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र संख्या.....................................
   दिनांक .................................. (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)
6. विगत तीन वित्तीय वर्षो (2021–22, 2022–23, 2023–24) का आयकर विवरणी जो आयकर विभाग में जमा हो। (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)
7. विगत तीन वित्तीय वर्षो (2021–22, 2022–23, 2023–24) का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (छायाप्रतियां संलग्न करें)
8. धरोहर राशि का एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंकों एफ.डी.आर. या ड़िमाण्ड़ ड्राफ्ट (ड़ी.डी.) अथवा ड़ाकघर बचत पासबुक संख्या.......................... ........................दिनांक.....................रू0 ........................

हस्ताक्षर निविदादाता

## घोषणा पत्र

**मेरे द्वारा आवेदन फॉर्म/निविदा प्रपत्र के साथ निविदा की सभी शर्तो की सूची प्राप्त कर ली गई है और उसे मेरे द्वारा भली भांति पढ़ लिया गया है। मैं सभी कार्यो एवं शर्तो का पूर्ण रूप से पालन करूंगा और निविदा में अंकित सभी कार्य निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण करूंगा। यदि मेरे द्वारा निविदा में अंकित कार्य निर्धारित शर्तो के अनुसार पूर्ण नहीं किया जाता है या उसमें किसी प्रकार की कोई अनियमितता पायी जाती है तो मेला समिति मेरी धरोहर राशि एवं कार्यपूर्ति प्रतिभूति राशि को जब्त कर मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाही कर सकती है तथा उक्त कार्य किसी अन्य व्यक्ति/फर्म से करा सकती है, जिसमे मुझे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी।**

दिनांक / /2024

हस्ताक्षर निविदादाता

## प्रारूप–02 (वित्तीय निविदा प्रपत्र)

**निविदा फार्म सं0......................./दिनांक–.......................निविदा फार्म शुल्क रू0 2000.00 ( दो हजार रूपये मात्र)**
**गौचर मेला–2024 हेतु झूला–चर्खी, मौत का कुआँ, बच्चों के मनोरंजन आइटम इत्यादि कार्यक्रम हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र का प्रारूप**

1. कमांक............................
2. दिनांक.............................
3. निविदादाता/फर्म का नाम..............................
4. निविदादाता/ फर्म का स्थाई पता.........................................
5. निविदादाता/फर्म का पत्राचार का पता......................................
6. निविदादाता/फर्म का दूरभाष/मोबाइल न0 .............................................
7. निविदादाता/फर्म का ई–मेल पता.......................................................

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल धनराशि (रु0 में) (जी0एस0टी0 सहित) | अंकों में– |
| | शब्दों में– |

नोटः– वित्तीय निविदा से सम्बन्धित प्रारुप पृथक लिफाफे में बन्द कर जमा करना होगा। जिस पर बाहर से ***"वित्तीय निविदा"*** अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

निविदादाता/फर्म की मोहर–

हस्ताक्षर–

हस्ताक्षर करने वाले का पूरा नाम–
पूरा पता–
दूरभाष/मो0 न0–

## 72 वॉ औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला 2024 हेतु मेला मैदान गौचर में लगने वाले झूला, चर्खी, मौत का कुऑं, बच्चों के मनोरंजन के आईटमों आदि कार्यो का विवरण एवं शर्ते।

### तकनीकी निविदा हेतु अनिवार्य शर्ते :-

1. निविदादाता का विगत तीन वित्तीय वर्षो (2021-2022, 2022-2023 तथा 2023-24) में से किसी एक वर्ष में वार्षिक टर्नओवर धनराशि रू0 12,50,000.00 (रू0 बारह लाख पचास हजार रूपये मात्र) अथवा उससे अधिक होना आवश्यक है। इस आशय का एक प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। साथ ही फर्म की विगत तीन वित्तीय वर्षो (2021-2022, 2022-2023 तथा 2023-24) की बेलेंस सीट की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना आवश्यक होगा।
2. निविदादाता/फर्म को तकनीकी निविदा के साथ विगत तीन वित्तीय वर्षो (2021-2022, 2022-2023 तथा 2023-24) की आयकर विवरणी (I.T.R.) जो कि आयकर विभाग से जमा होनी चाहिए, की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना आवश्यक होगा।
3. जिलाधिकारी/उप जिलाधिकारी द्वारा जारी नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता/फर्म को जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन/पैन नम्बर, बैंक का नाम तथा खाता संख्या, आई0एफ0 एस0सी0 कोड तथा फर्म का आयकर पंजीकरण नम्बर/पैन नम्बर (व्यक्तिगत हो अथवा फर्म के साथ साझेदारी/प्रोपराईटर हो) की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता/फर्म को किसी भी सरकारी विभाग/सार्वजनिक उपक्रम द्वारा काली-सूची (Black Listed) नही किया गया हो, इस आशय का शपथ पत्र धनराशि रू0 100.00 के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर दाखिल करना होगा।
6. निविदादाता को प्रारूप संख्या-01 के कॉलम संख्या-7 के अनुसार किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा अनुसूचित बैंक की एफ0डी0आर0/डिमान्ड ड्राफ्ट(डी0डी0) अथवा एन.एस.सी./डाकघर पासबुक जो उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला-2024 के पक्ष में बन्धक हो, को तकनीकी निविदा के साथ **मूल रूप** में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. सफल निविदादाता को कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि रूपये 1,25,000.00 (एक लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र) को एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ0डी0आर0/डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) अथवा डाकघर पासबुक जो उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला-2024 के पक्ष में बन्धक बनाकर निविदा के 07 दिन के भीतर **मूल रूप** में अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।
8. तकनीकी निविदा (प्रारूप-1)एवं वित्तीय निविदा (प्रारूप-2) निविदा हेतु निर्धारित प्रारूपों पर प्रस्तुत करते हुए शर्तो में उल्लिखित दस्तावेज/अभिलेख पृथक-पृथक लिफाफों में बन्द कर जमा करना अनिवार्य होगा तथा तकनीकी निविदा से सम्बन्धित लिफाफे के बाहर **"तकनीकी निविदा"** तथा वित्तीय निविदा से सम्बन्धित लिफाफे के बाहर **"वित्तीय निविदा"** अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

### अन्य आवश्यक शर्ते :-

1. निविदादाता/फर्म को अपना नाम, पता, व्यापार का स्थान, दूरभाष नंम्बर, मोबाईल नम्बर, ई-मेल आदि दर्ज करना आवश्यक होगा।
2. निविदा आमंत्रण आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क धनराशि रू0-2,000.00 नकद जमा करना होगा जो किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।
3. वित्तीय निविदा उल्लिखित विभिन्न कार्यो की दरें सभी प्रकार के कर, लाईसेन्स, मजदूरी, ढुलाई, लोडिंग/अनलोडिंग आदि सहित दी जायेगी। निर्धारित स्थान पर सामग्री पहुॅचाने के लिए किसी भी प्रकार कोई अतिरिक्त व्यय अनुमन्य नहीं होगा।
4. गौचर मेला 2024 हेतु झूला, चर्खी, मौत का कुऑं, बच्चों के मनोरंजन कार्यक्रम आदि की शर्तो के अनुसार उक्त भू-भाग हेतु मूल कीमत **(Base Price) रू0 12,50,000.00 (बारह लाख पचास हजार रूपये)** से कम नहीं होगी। उच्चतम धनराशि वाले निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकार की जायेगी।
5. वित्तीय निविदा धनराशि का अंकन शब्दों एवं अंको दोनों में होना अनिवार्य है। यदि इसमें कोई अन्तर आता है तो शब्दों में लिखी गयी धनराशि को ही अन्तिम माना जायेगा

6. निविदादाता को निर्धारित मानक व विशिष्टताओं के अनुसार ही कार्य करना होगा। यदि कार्य मानक व विशिष्टताओं के अनुसार नही किया गया तो ऐसी दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही संस्थित की जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा।
7. अस्पष्ट, ओवर राईटिंग एवं बिना हस्ताक्षर वाले तथा अपूर्ण निविदा प्रपत्र पर विचार नही किया जायेगा। निर्धारित शर्तो का पालन न करने तथा किसी भी सूचना को छिपाये जाने की दशा में निविदा किसी भी समय निरस्त करने तथा धरोहर राशि व कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि को जब्त कर ली जायेगी।
8. उपर्युक्त निविदा की शर्तो के विषय में किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में जिलाधिकारी महोदय चमोली/मेलाध्यक्ष, गौचर मेला–2024 का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा।
9. सफल निविदादाता को छोड़कर शेष निविदादाताओं को धरोहर धनराशि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर तत्काल वापस कर दी जायेगी।
10. सफल निविदादाता/फर्म को निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् सम्पूर्ण धनराशि 07 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। इस हेतु रू0–100.00 (एक सौ रूपये) के नॉन–ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर तत्काल अनुबन्ध करना आवश्यक होगा।
11. निविदादाता द्वारा कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व प्रस्तावित कार्य का वीडियो डाक्यूमेन्टेशन दिखाया जाना अनिवार्य होगा।
12. मेले में झूला, चर्खी, मौत का कुआँ, बच्चों के मनोरंजन के आईटम आदि विभिन्न कार्यकमों की मशीन (इंजन) उत्कृष्ट कोटि की होनी चाहिए तथा उपरोक्त कार्यकमों में चलने वाले सभी बड़े व छोटे झूलों का संचालन करने से पूर्व मेला समिति के द्वारा गठित तकनीकी जांच समिति से तकनीकी जांच कराते हुए प्रमाण पत्र मेलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
13. मेले में लगाये जाने वाले झूला, चर्खी , मौत का कुआँ, बच्चों के अन्य मनोरंजन के आईटमों को लगाये जाने हेतु 72 वॉ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला 2024 में जमा की गई धनराशि **रू0 12,50,000.00 (बारह लाख पचास हजार रूपये)** से अधिक की राशि निविदा प्रपत्र में अंकित करने के उपरान्त ही निविदा जमा करनी होगी, मेला समिति द्वारा सभी निविदादाताओं के उच्चतम धनराशि वाली निविदा स्वीकार की जायेगी।
14. मेले में लगने वाले सभी मनोरंजन कार्यकमों में साउण्ड सिस्टम नये तथा अच्छी गुणवत्ता साउण्ड के होने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान माईक के साउण्ड को मध्यम गति की रखनी होगी ताकि किसी अन्य सांस्कृतिक कार्यकमों में इसका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और माननीय उच्चतम/उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकें।

15. कार्यक्रम स्थल पर आम जनता/मेलार्थियों को बैठने की समुचित व्यवस्था हेतु प्रयाप्त कुर्सियां लगानी होंगी और कुर्सियों के अनुसार ही एक समय पर टिकट वितरण करने होगें। किसी भी शो को दिखाये जाने हेतु सीटों से अधिक टिकट वितरण करना तथा अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित करने पर मेला समिति द्वारा जो अर्थदण्ड लगाया जायेगा, जो तत्काल जमा करना होगा।
16. दिनांक 14.11.2024 से दिनांक 20.11.2024 तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने की दशा में निविदादाता को स्वयं जनरेटर की व्यवस्था ईधन सहित करनी होगी।
17. निविदादाता को मेला समिति द्वारा चिन्हित/आवंटित भू–भाग की बैरीकेटिंग व्यवस्था स्वंय करनी होगी, जो प्रत्येक दशा में दिनांक 12.11.2024 के अपरान्ह 02:00 बजे तक पूर्ण कर सूचना मेलाधिकारी गौचर मेला को उपलब्ध करानी होगी।
18. कार्यकम स्थल पर पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतया से प्रतिबन्धित है तथा पकड़े जाने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथोचित अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए तत्काल वसूल किया जायेगा।
19. कार्यक्रम स्थल पर सट्टा–जुआ सम्बन्धी स्टॉल नही लगाये जायेगें व अवैध मादक पदार्थो की विकी पूर्णरूप से प्रतिबन्धित होंगीं।
20. निविदादाता को आवंटित भू–भाग का सम्पूर्ण उपयोग स्वयं करना होगा और किसी भी दशा में उक्त स्थल किसी अन्य को किराये पर नहीं दिया जा सकेगा। उल्लंघन पाये जाने पर निर्धारित दरों के अनुसार अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा, जिसकी वसूली तत्काल की जायेगी।
21. मेले के दौरान किसी भी मनोरंजन कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित सफल निविदादाता/फर्म की होगी। दुर्घटना क्षतिपूर्ति की धनराशि सम्बन्धित निविदादाता/फर्म को देनी होगी, इस आशय का शपथ पत्र रू0–100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर अनिवार्य रूप से देना होगा।
22. निविदादाता का स्वयं के द्वारा अपने सम्पूर्ण उपकम (झूला, चर्खी, मौत का कुऑ, बच्चों के मनोरंजन के आईटमों इत्यादि) का इन्श्योरेन्स धनराशि रू0 50,00,000.00 (पचास लाख रूपये मात्र) भी कराया जाना अनिवार्य होगा।

23. निविदादाता को अपने सम्पूर्ण उपकम (झूला, चर्खी, मौत का कुऑ, बच्चों के मनोरंजन के आईटमों इत्यादि) को मेला समाप्ति के उपरान्त दो दिन अन्दर दिनांक 22.11.2024 को सांय 05 बजे तक प्रत्येक दशा में मेला मैदान से हटा कर मेला मैदान खाली करना होगा, अन्यथा कि दशा में मेला समिति द्वारा अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।

24. निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

दिनांक 10/10/2024
स्थान : कर्णप्रयाग।

मेलाधिकारी,गौचर मेला/
उप जिलाधिकारी, कर्णप्रयाग।